# कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

**मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)**

**दर्री जोन**

फा.क्र./751 एवं 752/निर्माण (दर्री जोन)/2024/ कोरबा, दिनांक 20.09.2024

## निविदा आमंत्रण की सूचना

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, रायपुर द्वारा प्रचलित **PWD Building SOR 01.01.2015** से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खुलने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) कम अधिक या समान दरों पर तथा शेड्युल अनुसार आयटम दरों पर निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर बंद लिफाफा के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि – 14.10.2024 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि – 14.10.2024 सायंकाल 4:30 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि में | धरोहर राशि रू में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र | कार्यावधि | ठेकेदार का वर्ग | निविदा खुलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड क्र. 44 कैलाश विहार में स्थित सामुदायिक भवन में नयी सुविधाओं की व्यवस्था कार्य (पार्षद मद 2023–2024) | **7,00,000/-** | **5,500 /-** | **750/-** | **Form-A** | 03 माह | सक्षम श्रेणी | **14.10.2024** |
| 02 | वार्ड क्र. 48 सी.सी.रोड का निर्माण कार्य (मेन रोड से मंगल सिंह कंवर घर तक व अशोक कुमार के घर से मदन यादव घर तक) (पार्षद मद 2023–2024) | **7,00,000/-** | **5,500 /-** | **750/-** | **Form-A** | 03 माह | सक्षम श्रेणी | **14.10.2024** |

**निविदा की शर्तेः–**

1. निविदा दरे प्रचलित सी.एस.आर.से कम या अधिक प्रतिशत् दरों पर दिया जावे सी.एस.आर.के अंतर्गत के आयटमों पर पृथक से आयटम दरों का उल्लेख करने पर निविदा निरस्त मानी जावेगी।
2. निविदा के दस्तावेज रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्पीड पोस्ट से भेजना होगा अन्य माध्यमों यथा कोरियर सर्विस, साधारण डाक इत्यादि से प्राप्त अथवा समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा **आयुक्त, नगर पालिक निगम, आई.टी.आई. चौक साकेत भवन, जिला–कोरबा (छ.ग.) पिन नं.–495677** के पते पर भेजना होगा। निर्धारित तिथि को सायं 3:00 के पश्चात् प्राप्त निविदाएँ स्वीकार नहीं किए जावेंगे।
3. निविदा प्रपत्र नगर पालिक निगम, कोरबा के वेबसाईट **www.korbamunicipal.in/uad.cg.gov.in** डाउनलोड किया जाकर नवीन निविदा प्रपत्र **Form - A/B/ABC** (जारी दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) आयुक्त, नगर पालिक निगम, कोरबा के नाम पर देय निर्धारित शुल्क की डीडी के साथ संबंधित कार्य का नाम पूर्ण विवरण सहित भरकर भेजना होगा।
4. निविदा मुहरबंद लिफाफा में मान्य किया जावेगा जो निम्नानुसार होगाः–
   (अ) प्रथम लिफाफा में ठेकेदार का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, आयकर चुकता प्रमाण पत्र, निविदा सूचना आमंत्रण में उल्लेखित अन्य दस्तावेज के साथ निर्धारित निविदा प्रपत्र शुल्क का डीडी, निविदाओं में निविदाकार को फिजिकल दस्तावेज के साथ निविदा सूचना प्रसारित होने के पश्चात् राशि रू. 100/– के स्टॉम्प पर निष्पादित शपथ पत्र जिसमें संबंधित कार्य का नाम एवं कार्य की निविदा क्रमांक अंकित हो प्रेषित करना अनिवार्य होगा एवं अमानत राशि का टी.डी.आर./एफ.डी.आर. जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम कोरबा के नाम पर देय होगा प्रस्तुत करना होगा।
   (ब) द्वितीय लिफाफा में ठेकेदार द्वारा भरा हुआ निविदा प्रपत्र होगा।
   (स) तृतीय लिफाफा में उपरोक्त दोनो लिफाफे होंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर मूल अभिलेख प्रस्तुत करना होगा।
5. जिन ठेकेदारों द्वारा नगर पालिक निगम, कोरबा के किसी ठेके के कार्य में अनुबंध के अनुरूप कार्य न किया गया हो अथवा नगर पालिक निगम, कोरबा के हित के विरूद्ध कार्य किया गया हो उन्हे निविदा भरने की पात्रता नही होगी।
6. निविदा हेतु इच्छुक ठेकेदारों को उचित वर्ग में पंजीयन की प्रमाणित प्रतिलिपि यदि साझेदारी फर्म हो तो उसका प्रमाण पत्र (पार्टनरशीप डीड) की सत्य प्रतिलिपि, उपलब्ध तकनीकी अमले की जानकरी पिछले 03 वित्तीय वर्षो का **आय चुकता प्रमाण पत्र, पेन नम्बर, जी.एस.टी. (जीवित) पंजीयन एवं प्रशिक्षित यंत्री नियुक्त करने संबंधी प्रमाण पत्र, कर्मचारी भविष्य निधिसंगठन,कर्मचारी, राज्य बीमा निगम रायपुर से पंजीयन** एवं विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना ठेकेदार के हस्ताक्षर सहित निविदा दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

क्रमशः..............02

7. कार्य हेतु लिफाफे पर कार्य का नाम निविदा आमंत्रण सूचना कमॉक, निविदा खुलने की तिथि स्पष्ट रूप से लिखकर भेजना होगा।
8. निविदाकार का यह दायित्व है कि वे निविदा भरने के पूर्व स्थल का स्वयं निरीक्षण कर लेवें ताकि प्रारंभ करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।
9. निर्धारित निविदा प्रपत्र में उल्लेखित कंडिका स्वमेव लागू मानी जावेगी एवं निविदा आमंत्रण सूचना निविदा का ही भाग माना जावेगा।
10. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र, निविदा प्रपत्र शुल्क, अमानत राशि, निविदा आमंत्रण सूचना पत्र में उल्लेखित दस्तावेज सही पाए जाने पर ही निविदा दर संबंधी लिफाफा खोला जावेगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
11. ठेकेदार को अपनी दरें शब्दों एवं अंको में लिखना अनिवार्य होगा।
12. शासन के विभिन्न विभागों जैसे:– खजिन विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग इत्यादि विभागों द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों/आदेशों के पालन की समस्त जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होगी।
13. ठेकेदार यदि कार्य को अपूर्ण स्थिति में छोड़ता है तो निविदा प्रपत्र में उल्लेख अनुसार इस संबंध में प्रावधान के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।
14. कार्य प्रारंभ नहीं करने अथवा अपूर्ण स्थिति में छोड़ने पर निगम द्वारा ठेकेदार के विरूद्ध निविदा शर्तानुसार एवं मेयर इन काउंसिल के निर्णयों के अनुरूप कार्यवाही की जावेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी ठेकेदार की होगी।
15. सफल निविदा दाता से अनुबंध के समय अतिरिक्त परफार्मेस राशि जमा कराई जावेगी जबकि निविदा की दरों में काफी कमी हो जैसे निविदादाता को निविदा दर एवं अनुमानित लागत से 10 प्रतिशत से अधिक निविदा दर होने पर सफल निविदादाता को निविदा दर एवं अनुमानित लागत के 90 प्रतिशत अंतर की राशि के समतुल्य परफार्मेस गारंटी के रूप में राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ.डी.आर./टी.डी.आर. ऑफिस अथवा टाईम डिपॉजिट जो कि आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा के नाम से देय होगा, जो मांग तिथि से **15 दिवस** के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त राशि को जमा न करने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
16. सम्पूर्ण किये गये कार्यों के **लिये 5 प्रतिशत की दर से सुरक्षा राशि रनिंग देयकों के साथ 01 वर्ष हेतु साथ ही मरम्मत एवं संधारण प्रकृति के कार्यों को छोड़कर शेष कार्यों के देयकों से 5 प्रतिशत की दर से पृथक से 03 वर्ष** की गारंटी के लिये परफार्मेस सिक्यूरिटी के रूप में रोकी जायेगी। सुरक्षा राशि एवं परफारमेंस गारंटी राशि वापसी हेतु समयावधि की गणना कार्य पूर्णता तिथि से किया जायेगा। उक्त समयावधि में निर्माण कार्य की भौतिक स्थिति सही होने तथा सक्षम प्राधिकारी के संतुष्टि के आधार पर भुगतान किया जायेगा।
17. निविदा में भाग लेने वाले ठेकेदारों को छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम 1996 एवं तदअंतर्गत निर्धारित नियमों के तहत पंजीयन कराना आवश्यक होगा तथा निर्माण लागत का **1 प्रतिशत उपकर** के रूप में प्रत्येक देयक से कटौती की जावेगी।
18. निविदाकार को प्रत्येक निविदा में पंजीयन क्षमता के अंतर्गत वर्तमान में नगर निगम या अन्य विभागों में किये जा रहे कार्यो का विवरण राशि सहित राशि रू. 100/– नॉन ज्यूडिसियल स्टॉम्प पेपर पर निष्पादित शपथ पत्र निविदा दस्तावेजो के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
19. ईंट से संबंधित निर्माण कार्यों में फ्लाई एश ब्रिक का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा।
20. निविदा प्रपत्र अहस्तांतरणीय होगा एवं सशर्त निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा।
21. निविदा के संबंध में किसी प्रकार की विवाद होने की स्थिति में आयुक्त, नगर पालिक निगम कोरबा का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
22. निविदा में सफल निविदाकार को ऐसे कार्य जिसकी अनुबंध राशि 10.00 लाख या उससे अधिक है, उनको प्रत्येक कार्यों हेतु पृथक से छ.ग. भवन और सन्निर्माण कर्मचार मण्डल का पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा देयक भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा।
23. कार्य कियान्वयन से संबंधित गुणवत्ता परीक्षण संबंधी रिपोर्ट पर होने वाले व्यय का वहन संबंधित ठेकेदार द्वारा किया जावेगा।
24. ठेकेदार को निर्माण कार्य के दौरान **"निर्माण एवं अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016"** में किये गए प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य होगा।
25. ठेकेदार द्वारा संपादित किये गए कार्यों के देयको का भुगतान बजट आबंटन और राशि उपलब्ध होने पर किया जाएगा।
26. निविदा स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम के पास सुरक्षित रहेगा।
27. निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि (कार्य दिवस) को निविदा संबंधी कार्यवाही मानी जावेगी।

**प्रतिलिपि :–** **प्रोग्रामर, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नया रायपुर (छ.ग.) को Uad.cg.gov.in में अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।**

(ठेकेदार के हस्ताक्षर)

नाम ____________________

पूर्ण पता ____________________

____________________

मोबाईल न.– ____________________

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

# OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, KORBA (C.G.)

## NAME OF WARD- WARD 44

NAME OF W...K - Expansion Work of Additional Facilities in the Community Hall Located in Ward no. 44 Kailash Vihar

As per Sor :- Schedule of Rates Public Works Department [ PWD BUILDING 01-01-2015]

| SN | ITEM | No | L | B | H/D | QTY | UNIT | RATE | AMOUNT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1.2 Surface dressing of the ground including removing vegetation and making up undulations and in-equalities not exceeding 15 cms in depth/ height including disposal of rubbish upto 1.5 m lift and lead upto 50m (at least 5m away from the dressed area). | | | | | | | | |
| | | 1 | 24 | 30 | | 720 | | | |
| | | 1 | 8 | 2.87 | | 22.96 | | | |
| | | | | | TOTAL | 742.96 | SQM | 7.2 | 5349.312 |
| 2 | 1.18 Providing and filling in plinth with sand/ Crusher dust and hard moorum under floor in layers not exceeding 20cm in depth consolidating each deposited layer by ramming and watering, including dressing etc. complete. | | | | | | | | |
| | | 1 | 24 | 30 | 0.1 | 72 | | | |
| | | 1 | 8 | 2.87 | 0.1 | 2.296 | | | |
| | | | | | TOTAL | 74.296 | SQM | 371 | 27563.816 |
| 3 | 3.1 Providing and laying nominal mix plain cement concrete with crushed stone aggregate using concrete mixer in all works upto plinth level excluding cost of form work. 3.1.2 1:4:8 (1 cement : 4 coarse sand : 8 graded stone aggregate 40mm nominal size). | | | | | | | | |
| | | 1 | 24 | 30 | 0.1 | 72 | | | |
| | | 1 | 8 | 2.87 | 0.1 | 2.296 | | | |
| | | | | | TOTAL | 74.296 | SQM | 2659 | 197553.06 |
| 4 | 12.65 Providing & laying 60mm thick precast interlocking concrete blocks of approved size (approx 305 sqcm) and shape/ pattern, over 40 mm thick average complete coarse sand bed with joints of 3mm thick filled by fine sand including leveling with surface vibrator, temping and sweeping etc. complete of minimum compressive strength of 250 kg/sq.cm 12.65.2 Pigment Coloured (rubber mould) precast interlock concrete blocks | | | | | | | | |
| | | 1 | 24 | 30 | | 720 | | | |
| | | 1 | 8 | 2.87 | | 22.96 | | | |
| | | | | | TOTAL | 742.96 | SQM | 632 | 469550.72 |
| | | | | | | | | | 700016.91 |

**SAY AS 7.00 LACS RUPEES ONLY**

Sub Engineer
Municipal Corporation
Korba (C.G)

Asst. Engineer
Municipal Corporation
Korba (C.G)